**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी चंडीगढ़**
**(तिथि 19 फ़रवरी 2025, समय 1810 (10 मिनट)**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्रपति शिवाजी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी।

- श्री ज्ञानेश कुमार ने नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त और श्री विवेक जोशी ने चुनाव आयुक्त का कार्यभार संभाला।

- हरियाणा में स्थानीय निकाय चुनाव के लिए दाख़िल नामांकन पत्रों की वापसी के बाद मैदान में रह गए उम्मीदवारों की सूची अब से कुछ ही देर में जारी होगी।

- केन्द्रीय कपड़ा मंत्रालय ने कहा है कि राष्ट्रीय तकनीकी कपड़ा मिशन के तहत कपड़ा क्षेत्र में नवाचार और शोध आदि पर लगभग डेढ़ हज़ार करोड़ रूपये खर्च किये जायेंगे।

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने सरसों की सरकारी खरीद 28 मार्च की बजाये 15 मार्च से शुरू करने के निर्देश दिए।

***********************************************************************

महान मराठा योद्धा, छत्रपति शिवाजी महाराज की आज 395वीं जयंती मनाई गई। आज ही के दिन सन् 1630 में महाराष्ट्र के पुणे जिले के शिवनेरी किले में जन्मे छत्रपति शिवाजी ने मराठा साम्राज्य की नींव रखी और मुगल शासन को चुनौती दी।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्रपति शिवाजी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज नागरिकों को एक मजबूत, आत्मनिर्भर और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं।

छत्रपति शिवाजी महाराज की वीरता, विचारधारा और न्याय प्रियता ने कई-कई पीढियों को प्रेरित किया है। उनकी साहसिक कार्यशैली, सामरिक कौशल और शांतिपूर्ण राजनीतिक प्रणाली आज भी हमारे लिए प्रेरणा को इतने वर्ष बाद भी उनके द्वारा स्थापित किए गए मूल्य हमें आगे बढ़ने

का मार्ग दिखा रहे हैं। इन्हीं मूल्यों के आधार पर हमें अमृत काल की 25 वर्षों की यात्रा पूरी करनी है।

***********************************************************************

श्री ज्ञानेश कुमार ने आज नई दिल्ली में नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला लिया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त काकार्यभार संभालने के बाद अपने संदेश में श्री ज्ञानेश कुमार ने कहा

कुमार राष्ट्र निर्माण के लिए पहला कदम मतदान है औरभारत के प्रत्येक नागरिकको मतदाता बनना चाहिए। जिसने 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली हैऔर हमेशा मतदान करना चाहिए। उन्होंनेकहा कि भारत के संविधान, चुनावी कानूनों, नियमों और उसमेंजारी निर्देशों के अनुसार, चुनाव आयोग हमेशा मतदाताओं के साथ था, है और रहेगा। श्री ज्ञानेश कुमार 15 मार्च, 2024 सेचुनाव आयुक्त के रूप में कार्यरत थे। केरल कैडर के 1988 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी, ज्ञानेशकुमार के पास केंद्र और राज्य दोनों सरकारों में काम करने का अनुभव है। हरियाणा कैडर के 1989 बैच अधिकारी विवेक जोशीने भी चुनाव आयुक्त का कार्यभार संभाल लिया है। उन्हें श्री ज्ञानेश कुमार कोमुख्य निर्वाचन आयुक्त बनाए जाने से खाली हुए इस पद पर नियुक्त किया गया है।कार्यभार ग्रहण करने से पहले श्री विवेक जोशी हरियाणा के मुख्य सचिव के पद परतैनात थे। गत वर्ष नवंबर में मुख्य सचिव की जिम्मेवारीसंभालने से पहले श्री जोशी भारत सरकार में लंबे समय तक केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत रहे।

*********************************************************************

हरियाणा में आज स्थानीय निकाय चुनाव के लिए दाख़िल किए गए नामांकन पत्रों की अंतिम सूची जारी की जाएगी।राज्य निर्वाचन आयुक्त कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार आज नामांकन वापिस लेने के आखिरी दिन अंतिम आंकड़ों को संकलित किया जा रहा है और जो उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए हैं उन्हें चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं।बवानीखेड़ा के रिटर्निंग अधिकारी महेश कुमार ने बताया है कि बवानीखेड़ा नगरपालिका चुनाव के लिए अध्यक्ष पद के लिए 11 और 16 वार्डों के पार्षद के चुनाव के लिए 56 उम्मीदवार शेष रह गए हैं। आज अध्यक्ष पद के लिए दाख़िल 8 और पार्षद के लिए 15 नामांकन पत्र वापस लिए गए।उल्लेखनीय है कि कल नामांकन पत्रों की जांच पड़ताल के बाद नगर निगमों में महापौर के लिए 55, नगर परिषदों व नगर पालिकाओं में अध्यक्ष पद के लिए 268 और वार्ड सदस्यों के लिए 2 हजार, 873 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र सही पाए गए थे।इस बीच, फरीदाबाद में वार्ड नम्बर 36 से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल चौधरी ने भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देने की घोषणा कर दी है।

***********************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल **Akashvani News Chandigarh** पर भी उपलब्ध हैं।

********************************************************************

भारत में अब पहने जाने के अलावा ना फटने, ना जलने, बगैर धुले प्रयोग होने वाले कपड़े का उत्पादन बड़े स्तर पर होगा।केन्द्रीय कपड़ा मंत्रालय के मिशन निदेशक अशोक मल्होत्रा ने आज भिवानी के टेक्नोलॉजिकल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्सटाइल एंड साइंसेज में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के तकनीकी कपड़ा सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही।बाद में मीडिया से बातचीत में श्री अशोक मल्होत्रा ने बताया कि तकनीकी कपड़ा उत्पादन के लिए लगभग देड़ करोड़ रुपए का बजट रखा गया है।

उन्होंने बताया कि देश में ही टेक्निकल टेक्सटाइल इंजीनियर तैयार करने के लिए इंजीनियरिंग संस्थानों को मदद की जा रही है।

श्री मल्होत्रा ने कहा कि राष्ट्रीय तकनीकी कपड़ा मिशन के तहत अब पुल व सड़क निर्माण, मैडिकल क्षेत्र, व कृषि उद्योग में प्रयोग होने वाले विशेष कपड़ों का निर्माण भारत में ही होगा। जिसकी विश्व में काफी मांग है।

जियो कपड़ा क्षेत्र को लेकर उन्होंने बताया -

********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को 28 मार्च की बजाए 15 मार्च से ही सरसों की सरकारी खरीद शुरू करने के निर्देश दिए हैं।आज चंडीगढ़ में आयोजित एक बैठक में मुख्यमंत्री ने सरसों की खरीद की तैयारियों की समीक्षा की और सरसों की फसल के मंडी में जल्द आगमन को देखते हुए यह आदेश दिए।उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।सरसों की खरीद के लिए 108 मंडियां कायम की गई हैं। प्रदेश में इस बार सरसों का अनुमानित उत्पादन 15 लाख 60

हजार मीट्रिक टन होने की संभावना है।  केंद्र सरकार ने इस वर्ष  सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य  5950 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है।

**********************************************************************

भिवानी में मेडिकल कॉलेज का भवन बनकर तैयार हो गया है।भिवानी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रघुबीर शांडिल्य ने बताया कि कॉलेज शुरू करने की अनुमति के लिए पत्र लिखा गया है। उम्मीद है कि इस सत्र में मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई शुरू हो जाएगी।

उन्होंने बताया कि कॉलेज का नाम पंडित नेकी राम के नाम पर रखा जा रहा है। डॉ शांडिल्य ने बताया कि यह मेडिकल कॉलेज शुरू होने से भिवानी और आस पास के लोगों को अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा भिवानी के बवानीखेड़ा उपमंडल अस्पताल में बेड की गिनती 50 से बढ़ाकर 100 करने की अनुमति भी मांगी गई है। इसके अतिरिक्त ज़िले के कई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के नए भवन भी बनाए जाएंगे।

**********************************************************************

पश्चिमी कमान सेना मुख्यालय ने अग्रणी स्वतंत्र रणनीतिक मामलों के थिंक टैंक "सिनर्जिया फाउंडेशन" के सहयोग से चंडीमंदिर सैन्य स्टेशन में "भारत-पाक संबंधों में वैश्विक और क्षेत्रीय शक्तियों की भूमिका: रणनीतिक परिप्रेक्ष्य और भू-राजनीतिक निहितार्थ" पर संगोष्ठी का सफल आयोजन किया। संगोष्ठी का उद्देश्य उपमहाद्वीप संबंधों में अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी की गतिशील गहनता और उनके प्रभावों पर चर्चा करना था।कार्यक्रम में पूर्व राजनयिकों, विद्वानों सहित विशेषज्ञों का एक प्रतिष्ठित पैनल और दुनिया भर से वरिष्ठ अनुभवी अधिकारी और नीति निर्माता शामिल हुए।